पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय, बठिंडा

सीयूपीबी/डी.ए.सी./80 दिनांक: 16 दिसंबर, 2024

सूचना

आंबेडकर पथ' अंतरराष्ट्रीय अंतरानुशासनिक द्विभाषी शोध जर्नल हेतु शोध आलेख/रचनाएं आमंत्रित

पंजाब केन्द्रीय विश्वविद्यालय में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्थापित आंबेडकर मानवाधिकार एवं पर्यावरणीय मूल्य पीठ की स्थापना की गयी है. यह पीठ उच्चस्तरीय शोध को बढ़ावा देने की दिशा में 'आंबेडकर पथ' जर्नल का प्रकाशन करती है। पंजाब केंद्रीय विश्वविद्यालय का यह अंतरराष्ट्रीय अंतरानुशासनिक द्विभाषी शोध जर्नल है जिसमें शोध आलेख, शोध रूप में निबंध, कविता, कहानी पुस्तक एवं फिल्म समीक्षा आदि प्रकाशित की जाती हैं। इसे वर्ष में हम दो बार प्रकाशित करते हैं। इसमें डॉ. भीमराव आंबेडकर की वैचारिकी को ध्यान में रखकर लिखे गए आलेख को प्राथमिकता दी जाती है। आप मानवाधिकार एवं पर्यावरण केंद्रित शोध आलेख व रचनाएँ हमें भेजेंगे तो उसे भी हम प्राथमिकता देंगे।

'आंबेडकर पथ' अंतरराष्ट्रीय अंतरानुशासनिक द्विभाषी शोध जर्नल हेतु आलेख व रचनाओं के लिए दिशा-निर्देश-

(1) शोध आलेख एवं रचनाओं को 3000 शब्दों और पुस्तक/फिल्म समीक्षा की 1000 शब्दों तक ही सीमित रखें। पुस्तक समीक्षा के लिए ऐसी पुस्तक का चयन करें, जो महत्वपूर्ण और प्रासंगिक हों और जिसका प्रकाशन गत दो वर्षों के भीतर हुआ है। (2) सामग्री अनिवार्यतः वर्ड-फाइल में यूनिकोड (साइज 11)/कृतिदेव 010 (साइज 14) में ही भेजें। (3) वर्डफ़ाइल साथ में पीडीएफ भी भेजना अनिवार्य है। (4) शोध आलेख या निबंध में एंडनोट (एमएलए/शिकागो/हार्वर्ड) ही इस्तेमाल करें। ग्रंथ सूची की आवश्यकता नहीं है। (5) पहले पृष्ठ पर शोध सारांश, की-वर्ड और सबसे नीचे केवल दो पंक्तियों में योगदानकर्ता का नाम, पद और संस्थागत संबद्धता का उल्लेख होना चाहिए। अंतिम पृष्ठ पर लेखक के पते, ई-मेल और मोबाइल नम्बर का उल्लेख अवश्य करें। (6) आप शोध आलेख या अन्य रचनाएँ संपादक के पास अपनी सुविधा से भेजें। हमें आप अंग्रेजी भाषा में भी आलेख भेज सकते हैं। शोध आलेख/रचनाएँ सर्वथा मौलिक/अप्रकाशित हो। शोध आलेख या रचनाएँ चयन में प्रधान संपादक/कार्यकारी संपादक का निर्णय अंतिम होगा। शोध आलेख हमें निम्न ई-मेल: ambedkarpath@cup.edu.in या kanhaiya.tripathi@cup.edu.in पर दिनांक 30 दिसंबर, 2024 तक प्रेषित करें.

(प्रो. कन्हैया त्रिपाठी)
कार्यकारी संपादक
आंबेडकर पथ